# बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,धमतरी (छ.ग.)

## यूथ रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियॉ

सत्र 2020-21

### दिनांक 31.10.2020 को मोबाईल शार्ट फिल्म प्रतियोगिता प्रदर्शन : कोरोना से बचाव एवं सुरक्षा



सोमवार 02 नवम्बर 2020

ला जुला

# पीजी कॉलेज में कोरोना जागरूकता अभियान के तहत शार्ट फिल्म प्रतियोगिता :

धमतरी ( प्रखर )। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर एवं कलेक्टर जिला धमतरी के निर्देशानुसार बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में एवं स्वच्छता, स्वीप प्रभारी प्रो. पंकज जैन, डॉ. वेदवती देवांगन, डॉ. राकेश साहू एवं प्रो. अमरसिंह साहू के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान के तहत कोरोना से बचाव एवं सुरक्षा पर आधारित मोबाईल शार्ट फिल्म काम्पिटिशन के माध्यम से जनसामान्य को कोरोना से जागरूक रहने का संदेश दिया गया। कोरोना जागरूकता अभियान के तहत् 31 अक्टूबर को महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं हेतु कोरोना से बचाव एवं सुरक्षा से संबंधित 2 से 3 मिनट की शार्ट फिल्म प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी.सी.एस.तृतीय वर्ष की छात्रा प्राची शर्मा, बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष के छात्र तोषण साहू, एम.एस.सी. तृतीय सेमेस्टर के छात्र सोहन लाल, बी.एस.सी. तृतीय वर्ष के छात्र महेन्द्र कुमार साहू ने अपने गांव, मोहल्ले परिवार एवं आसपास के ग्रामीणों को शासन के दिशा निर्देशन का पूर्णतः पालन करने मास्क लगाने, सामाजिक दूरी बनाए रखने, सेनीटाइजर का उपयोग करने सहित कोरोना की गंभीरता को समझते हुए स्वयं भी जागरूक रहने एवं जनसामान्य को भी जागरूक करने का संदेश दिया।

उक्त अवसर पर प्रो. पंकज जैन ने स्वास्थ्य सुरक्षा अभियान एवं कोरोना जागरूकता अभियान चलाये जाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कॉलेज में कोरोना से जनसामान्य को जागरूक करने के उद्देश्य से एन.एस.एस., रेडक्रॉस के स्वयं सेवकों एवं प्रभारी प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में निरंतर कोरोना जागरूकता अभियान चालाया जा रहा है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी डॉ. श्रीदेवी चौबे ने जानकारी देते हुए बताया कि कोरोना जागरूकता अभियान के तहत् धमतरी, कुरूद, नगरी एवं मगरलोड विकासखण्ड के समस्त शासकीय एवं अशासकीय कॉलेजो में एन.एस.एस. एवं रेडक्रॉस के माध्यम से जनसामान्य को कोरोना से बचने, सावधानी रखने एवं सुरक्षित रहने का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। जिससे सभी को उक्त दिशा में जागरूक किया जा सके।

Scanned with CamScanner

# बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,धमतरी (छ.ग.)

## यूथ रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियाँ

सत्र 2020-21

**दिनांक 03.11.2020 को ग्राम-मुजगहन के साप्ताहिक बाजार में कोरोना जागरूकता अभियान के तहत् कोरोना से बचाव एवं सुरक्षा हेतु लोगों को प्रेरित किया गया।**



# बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,धमतरी (छ.ग.)

## यूथ रेडक्रॉस सोसायटी की गतिविधियॉ

सत्र 2020-21

दिनांक 04.12.2020 को जिले में चिन्हांकित शिक्षण संस्थाओं में तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाये जाने हेतु ''येलो लाईन कैम्पेंजीन'' महाविद्यालय के मेन बिल्डिंग से 91 मीटर के दूरी में येलो लाईन बनाया गया।

